**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 9(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में परिवहन निगम में संविदा पर कितने बस चालक/ कंडक्टर कार्यरत है ? | उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम में संविदा के आधार पर कुल 14115 चालक एवं 18088 परिचालक कार्यरत हैं। |
| (ख) उपरोक्त संविदा पर कार्यरत कार्मिकों को नियमित सेवा का लाभ दिये जाने के संबंध में सरकार कब तक विचार करेंगी ? | सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों में दिनांक 31.12.2001 तक नियुक्त दैनिक/वर्क चार्ज एवं संविदा के कार्मिकों के विनियमितीकरण विषयक सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-2 द्वारा निर्गत आदेश संख्या-82/44-2-2016-15/2015 दिनांक 11.04. 2016 में उल्लिखित समविषयक वित्त वेतन आयोग अनुभाग-2 के पत्र संख्या-9/2016/वेतन आयोग-2-201/दस- 2016-8 (मुख्य सचिव समिति) /2011 टी0सी0 दिनांक 24.02.2016 के प्रस्तर-1(1) में उल्लेख किया गया है कि ''ऐसे सार्वजनिक उपक्रम/निगम जो स्वयं के स्रोतों से संचालित हैं, उनमें उपरोक्त विनियमितीकरण की कार्यवाही उसी स्थिति में की जायेगी जब इससे आने वाले अतिरिक्त व्यय भार को सम्बन्धित उपक्रम/निगम स्वशासी संस्था स्वयं के स्रोत से वहन करने में सक्षम हों।''<br>उक्त के परिप्रेक्ष्य में उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों को परिवहन निगम के लाभ की स्थिति में होने पर नियमित सेवा का लाभ दिये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।